ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में कोमेश डांडे ने जीता स्वर्ण पदक

19 November 2018

एक बार फिर छत्तीसगढ़ प्रदेश का नाम रोशन करते हुए छत्तीसगढ़ के कोमेश डांडे ने ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता है उन्होंने कुल 255 किलोग्राम वजन उठाकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया है| इसके साथ ही यह पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के इतिहास में वेटलिफ्टिंग में पहला स्वर्ण पदक होगा जो प्राप्त हुआ है|

कोमेश डांडे ने कालिकट केरल में 17 से 19 नवंबर तक ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी वेटलिफ्टिंग में 18 नवंबर 2018 को 67 किलोग्राम वजन वर्ग समूह में 111 किलोग्राम और क्लीन एंड जर्क में कुल 255 किलोग्राम वजन उठाकर पहला स्वर्ण पदक प्राप्त किया| रविवि खेल विभाग संचालक विपिन शर्मा ने उन्हें इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है|

www.cgpsc.info